आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदेश दौरे के तीसरे और अंतिम दिन आज मथुरा के गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा–अर्चना की। राष्ट्रपति ने श्रद्धालुओं के बीच आकर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और भगवान गिरिराज के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। दर्शन–पूजन के बाद राष्ट्रपति ने गोवर्धन परिक्रमा भी कीं। यह परिक्रमा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के लिये विशेष महत्व रखती है। इस दौरान राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील करते हुए क्षेत्र में हरियाली और स्वच्छता बनाये रखने पर जोर दिया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में वीर बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने तेंदुए के हमले का साहसपूर्वक सामना करने वाले बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई अभियान जन आन्दोलन बनता है तो सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि वनाच्छादन बढ़ाने में प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्ग दर्शन में हम लोगों ने अपने वन अच्छादन को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। ये एक प्रयास है और मेरा मनना है कि इस प्रयास में हमें सफलता प्राप्त तब हुई जब हम लोगों ने इसे जन आन्दोलन बनाने का कार्य किया। ये केवल वन विभाग का कार्यक्रम नही बन पाया था। मेरा मनना है कि जबभी कोई अभियान जन आन्दोलन बनता है तो उसमें सफलता प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में बहराइच के दस वर्षीय अच्छेलाल और प्रयागराज की 18 वर्षीय तनु सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अच्छेलाल ने छह दिसंबर 2025 को तेंदुए के हमले के दौरान बहादुरी दिखाते हुए खुद को सुरक्षित बचाया। वहीं तनु सिंह ने आठ जनवरी 2026 को अपने घर में घुसे तेंदुए को सूझ–बूझ से एक कमरे में बंद कर दिया और स्वयं सहित दो छोटे बच्चों की जान बचाई।

मुख्यमंत्री ने वानिकी और वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन विभाग के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही सामाजिक संगठनों को भी उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान कार्बन क्रेडिट परियोजना के तहत कुशीनगर और रायबरेली के दो किसानों को चेक भी वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

****

सरकार ने आयकर नियम–दो हजार छब्बीस अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम, पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। नए नियमों का उद्देश्य अनुपालन को बढ़ाना और नियमों की संख्या कम करके कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है कि नए नियमों के तहत, कंपनियों को लाभांश का भुगतान केवल देश के भीतर ही करना होगा।

****

प्रदेश भर में आज ईद–उल–फित्र का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रमजान के पवित्र महीने के बाद आने वाला यह त्योहार भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद के त्योहार की शुभकामनाएं दी हैं। आज सुबह से ही प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न शहरों के ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गयी। एक रिपोर्ट–

लखनऊ में ईद की नमाज मुख्य रूप से दारुल उलूम नदवतुल उलेमा, ऐशबाग ईदगाह, बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय ने देश की तरक्की और विश्व में शांति के लिए दुआ की। प्रदेश में कई स्थानों पर ईद पर लगने वाले मेलों का आयोजन भी किया जा रहा है। भीड़भाड़ वाले स्थानो पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। ईद की नमाज के दौरान भी हिफाजत के सख्त बंदोबस्त किए गए थे। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

****

नवरात्र के तीसरे दिन आज श्रद्धालु, माता के चंद्रघंटा रूप का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। मिर्जापुर के विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर में ब्रह्मबेला से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। वाराणसी जिले के चौक क्षेत्र में स्थित माता के प्राचीन मंदिर में भी दर्शन पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दिन भर लोगों ने जयकारों के बीच मातारानी के दर्शन किये और पूजन किया। इस बीच, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भी भारी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंच रहे हैं।

****